मूल्य 1 रु.

वर्ष: 10 - अंक : 4, मुंबई, मंगलवार, 25 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# ट्रम्प ने साबरमती आश्रम में चरखा चलाया

## तीन बंदरों की थ्योरी समझी, फिर विजिटर बुक में लिखा- माय ग्रेट फ्रेंड मोदी, थैंक यू!



**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सोमवार को अहमदाबाद पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रम्प को गले लगाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता रोड शो करते हुए साबरमती आश्रम पहुंचे। यहां करीब 20 मिनट रुके। ट्रम्प और मोदी ने बापू की तस्वीर पर सूत की माला चढ़ाई। राष्ट्रपति और पत्नी मेलानिया ने चरखा चलाया और गांधी के तीन बंदरों वाली थ्योरी समझी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# एजाज लकड़ावाला का खुलासा

## 1998 में छोटा राजन ने दाऊद को मारने की साजिश रची थी

**संवाददाता**

**मुंबई।** गैंगस्टर एजाज लकड़ावाला ने मुंबई पुलिस की पूछताछ में खुलासा किया है कि छोटा राजन ने 1998 में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को मार डालने की साजिश रची थी। हालांकि वह फेल हो गई। पिछले महीने 9जनवरी को गैंगस्टर एजाज लकड़ावाला पटना से पकड़ा गया था। मुंबई पुलिस ने पटना पुलिस की मदद से उसे दरभंगा जाते वक्त पकड़ा था। पकड़े जाने के बाद से एजाज मुंबई पुलिस की कस्टडी में है और हर दिन नए खुलासा कर रहा है। (शेष पृष्ठ 5 पर)



**एजाज मुंबई पुलिस की कस्टडी में है और पूछताछ में उसने अंडरवर्ल्ड गैंग से जुड़े कई अहम खुलासे किए**



### ऐसे फेल हुई थी दाऊद की हत्या की साजिश

लकड़ावाला के अनुसार मिर्जा दिलशाद बेग ने आखिरी वक्त में इसकी जानकारी दाऊद को दे दी और यह प्लान फेल हो गया। मिर्जा नेपाल का सांसद और दाऊद का करीबी सहयोगी था। बकौल एजाज, इससे छोटा राजन इतना नाराज हुआ कि उसी साल मिर्जा को मार गिराया गया।

# गैंगस्टर रवि पुजारी सेनेगल से भारत लाया गया

## अंडरवर्ल्ड डॉन रवि पुजारी को कोर्ट ने 7 मार्च तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया



### बेंगलुरु पुलिस ने कहा- वह पूछताछ में सहयोग कर रहा

**बेंगलुरु।** भगोड़े गैंगस्टर रवि पुजारी को प्रत्यर्पित कर भारत लाया जा चुका है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात बेंगलुरु पुलिस के अफसर उसे अफ्रीकी देश सेनेगल से यहां लाए। पुजारी पर भारत में हत्या और जबरन वसूली के करीब 200 मामले दर्ज हैं। सोमवार दोपहर पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगेगी। एक पुलिस अफसर के मुताबिक, शुरूआती पूछताछ में रवि ने सहयोग किया। पुजारी कुछ साल पहले तक माफिया डॉन छोटा राजन का सहयोगी था। राजन का साथ छोड़ने के बाद उसने अपना गैंग बना लिया। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## संक्षिप्त खबर

### एक महीने बाद रेस्क्यू हुआ मगरमच्छ

**मुंबई।** मुलुंड में एक कंस्ट्रक्शन साइट के पास फंसे 6 फीट के मगरमच्छ को रविवार की दोपहर रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को वापस पानी में छोड़ दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी में इस मगरमच्छ को वहां पर बंद पड़ी एक कंस्ट्रक्शन साइट के पास देखा गया था। उसे वहां से निकालने के लिए एक महीने से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार रविवार को इसे रेस्क्यू कर लिया गया। जानवरों के हित के लिए काम करने वाली संस्था रेस्किंक असोसिएशन फॉर वाइल्ड लाइफ वेलफेयर (रॉ) के संस्थापक पवन शर्मा ने बताया कि जहां मगरमच्छ था, वहां 40 फुट तक पानी लगा था। इसे बाहर निकालने के लिए हम काफी दिन से लगे थे, जो अब जाकर पूरा हुआ।

इस रेस्क्यू ऑपरेशन को पूरा करने के लिए रॉ के साथ ही डब्ल्यूडब्ल्यूए के अलावा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने भी कड़ी मेहनत की। संभवतः यह मगरमच्छ बारिश के दौरान बहकर यहां तक आ पहुंचा होगा। पिछले 5 सालों में हमने इस तरह के 12 रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कई मगरमच्छों को बचाया है।

### मार्बल दुकानों पर चला बीएमसी का हथौड़ा

**मुंबई।** बीएमसी ने पिछले कुछ समय से अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़क कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को के/पूर्व विभाग की कार्रवाई में वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे के पूर्व में महामार्ग व एयरपोर्ट की दीवार से लगी मार्बल विक्रेताओं की अवैध दुकानों को तोड़ा गया। इसमें 56 मार्बल विक्रेताओं के अवैध निर्माण सहित 46 अन्य झोपड़ों और दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बीएमसी ने 9 जेसीबी मशीन, 2 लॉरी, 3 गैस कटर और 50 मजदूरों की मदद से तोड़क कार्रवाई की।

बीएमसी का कहना है कि यहां अवैध निर्माण के कारण सर्विस रोड हमेशा बाधित रहती थी। यह कार्रवाई एयरपोर्ट के नजदीक एटीसी टॉवर से एयरपोर्ट की दीवार से होते हुए कार्गो के गेट तक हुई। बीएमसी उपायुक्त 3 के अनुसार, मार्बल व्यापारी माल उतारने के लिए यहां अवैध रूप से गाड़ियों की पार्किंग करते थे। दुकानों के साथ-साथ उनके होर्डिंग अवैध रूप से सड़कों पर लगे थे। तोड़क कार्रवाई के दौरान इमारत व कारखाना विभाग, परिरक्षण विभाग और घनकचरा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे।

बता दें कि बीएमसी ने पिछले एक महीने के भीतर अलग-अलग कार्रवाइयों में 500 से अधिक अवैध निर्माणों को तोड़ा है। बीएमसी का कहना है कि अवैध निर्माण विकास कार्यों में बाधा बन रहे हैं, इसलिए इन पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

### भाजपा ने ठाकरे की सराहना पर चाय पीने से किया इनकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में प्रमुख विरोधी दल भाजपा ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सराहना जरूर की, लेकिन उनके चाय पार्टी का यह कहते हुए बहिष्कार किया कि पहले वे महा विकास आघाडी सरकार के तीनों दलों के बीच संवाद करें। एकदूसरे से सुसंवाद स्थापित करें। उसके बाद सरकार विपक्ष को संवाद के लिए बुलाए।

सोमवार से शुरू होने वाले बजट सत्र में रणनीति बनाने के लिए विरोधी दल भाजपा ने बैठक बुलाई। बैठक के बाद महिला विकास मंडल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता देवेंद्र फडणवीस व विधान परिषद के नेता प्रवीण दरेकर ने सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में शामिल दलों में कोई संवाद नहीं है। वे बोलते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। ऐसे में उन्हें पहले आपस में बातचीत करनी चाहिए, फिर हमें चाय पार्टी पर बातचीत के लिए बुलाना चाहिए।

# गैंगस्टर रवि पुजारी अब भारत की गिरफ्त में, एयर फ्रांस की फ्लाइट से बेंगलुरु लाया गया

**मुंबई।** गैंगस्टर रवि पुजारी को आखिरकार प्रत्यर्पित कर भारत ले आया गया है। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि गैंगस्टर रवि पुजारी को फ्रांस के जरिए दक्षिण अफ्रीका से भारत लाया गया है। एयर फ्रांस की फ्लाइट से देर रात रवि को बेंगलुरु एयरपोर्ट लाया गया। बता दें कि पिछले साल सेनेगल में गिरफ्तारी और फिर जमानत मिलने के बाद वह लापता हो गया था।

रविवार को ही जानकारी मिली थी कि रवि पुजारी को दक्षिण अफ्रीका के एक सुदूर गांव में सेनेगल के अफसर, भारत के रिसर्च ऐंड एनालिसिस विंग (रॉ) और मेंगलुरु पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में शनिवार को दबोचा गया। तभी से भारतीय अधिकारी पुजारी को स्वदेश लाने की कोशिश में जुटे थे।

गौर करने वाली बात है कि पुजारी के खिलाफ इंटरपोल ने भी रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। उसके खिलाफ बॉलिवुड स्टार्स और कई नामचीन कारोबारियों को उगाही के लिए धमकाने समेत करीब 200 मामले दर्ज हैं।

**कौन है रवि पुजारी:**

➤52 वर्षीय रवि पुजारी का जन्म कर्नाटक में मेंगलुरु के माल्पे में हुआ।

➤अंग्रेजी, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं का जानकार।



➤लगातार क्लास में फेल होने के कारण स्कूल से बाहर।

➤परिवार में पत्नी, 2 बेटियां और एक बेटा। 28 साल के बेटे की हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में शादी हुई।

➤2005: में पत्नी पद्मा की फर्जी पासपोर्ट केस में गिरफ्तारी। पत्नी पर आरोप था वह खुद और बेटियों के लिए फर्जी पासवोर्ट बना रही थी। मेंगलुरु में जमानत मिलने के बाद वह एक बार फिर से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर बेटियों संग भारत से फरार।

➤चर्चा है कि रवि पुजारी के पास ऑस्ट्रेलियन पासपोर्ट है। वह अक्सर चीन, हॉन्ग कॉन्ग और पश्चिमी अफ्रीका का यात्रा करता है।

➤इंटरपोल ने पुजारी और उसकी पत्नी पद्मा दोनों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटस जारी किया था।

➤1990: पुजारी मुंबई के अंधेरी में रहता था और वहां वह अन्य खतरनाक अपराधियों के साथ गैंगस्टर छोटा राजन के करीब आया। जल्द ही विजय शेट्टी और संतोष शेट्टी के साथ पुजारी भी छोटा राजन के गैंग में शामिल हो गया।

➤1995: बिल्डर प्रकाश कुकरेजा की चेंबूर में हत्या कर यह गैंग अचानक सुर्खियों में आ गया।

➤2000: बैंकॉक में छोटा राजन पर दाऊद इब्राहिम के गुर्गों के हमले के बाद उसने खुद का गैंग बनाया। बाकी अपराधियों की तरह ही उसने दुबई से उगाही का धंधा शुरू किया।

➤2003: नवी मुंबई में बिल्डर सुरेश वाधवा की हत्या की कोशिश की।

-2005: कथित रूप से पुजारी के इशारे पर वकील मजीद मेनन का मर्डर।

➤कुछ साल पहले एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में रवि पुजारी ने खुद को 'देशभक्त डॉन' के रूप में पेश किया। उस इंटरव्यू में पुजारी ने कहा कि वह हर उस शख्स को खत्म कर देना चाहता है, जिसका लिंक दाऊद इब्राहिम, छोटा शकील और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से है।

# सबसे बड़े इलेक्ट्रिक शवदाह गृह चंदनवाडी को ढठऋ में बदला जाएगा

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई की सबसे बड़े इलेक्ट्रिक शवदाह गृह चंदनवाडी को पूरी तरह से तोड़कर उस जगह नई इमारत बनाई जाएगी। इस पुनर्निर्माण के बाद वहां शवदाह गृह को इलेक्ट्रिक की जगह पीएनजी में रूपांतरित कर दिया जाएगा। इसके लिए पूरी इमारत को तोड़कर उसका पुनर्निर्माण किया जाएगा।

चंदनवाडी स्थित श्मशान भूमि की इमारत का स्ट्रक्चरल ऑडिट किया गया है, जिसमें कहा गया है कि शवदाह गृह के दक्षिण स्थित इमारत की मरम्मत और उत्तर स्थित इमारत को गिराकर उस जगह नई इमारत बनाई जाए। स्ट्रक्चरल रिपोर्ट के आधार पर बीएमसी ने टेंडर मंगाकर ठेकेदार की नियुक्ति कर दी है। इस इमारत का पुनर्निर्माण एपीआई सिविलकॉन कंपनी का चुनाव किया गया है। इसके निर्माण में कुल 15.80 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।



## टैंकर के नीचे आया बाइक सवार, हुई मौत



**भिवंडी।** भिवंडी के खाड़ीपार के रहने वाले एक बाइक सवार युवक को टैंकर ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी जान चली गई। स्पोर्ट्स बाइक से युवक मुंबई-नासिक राष्ट्रीय महामार्ग पर इगतपुरी से भिवंडी आ रहा था, तभी पर शाहपुर के पास एक टैंकर ने उसे रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में शाहपुर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। दुर्घटना के बाद टैंकर चालक घटनास्थल पर ही टैंकर छोड़कर फरार हो गया। बता दें कि खाड़ीपार स्थित रसूलाबाद इलाके का रहने वाला शाहिर हुसैन शेख (35) बाइकर्स के अपने ग्रुप के साथ रविवार की सुबह लगभग आठ बजे इगतपुरी गया था। जहां किसी ढाबे पर खाना खाने के बाद बाइकर्स का यह ग्रुप शाहपुर से लगभग आठ किमी पहले लाहे फाटा के पास ही पहुंचा था कि शेख की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक सहित एक टैंकर के नीचे आ गया।

# पश्चिमी उपनगर में दूर होगी पानी की किल्लत

**मुंबई।** पानी की किल्लत झेल रहे पश्चिमी उपनगर के लोगों को अगले डेढ़ साल में इससे राहत मिल जाएगी। बीएमसी ने पश्चिमी उपनगर में पुरानी पाइलाइन की जगह उच्च क्षमता की नई पाइपलाइन डालने का फैसला किया है। नई पाइलाइन डालने से जोगेश्वरी, अंधेरी, मालाड, कांदिवली, गोरेगांव व विलेपार्ले में पानी आपूर्ति तो सुधरेगी ही, पानी का फोर्स भी तेज होगा। के. पश्चिम, पी. दक्षिण व पी. उत्तर विभाग में पानी आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए बीएमसी ने इन इलाकों में 150 मि.मी., 250 मि.मी., 300 मि.मी., 600 मि.मी. व 750 मि.मी. व्यास की पाइपलाइन डालने का फैसला किया है। इससे पाटलीपुत्र नगर, बेहराम बाग, जेपी रोड, इमली रोड, विलेपार्ले सेंट एंथोनी रोड, अंधेरी सात बंगला, रहेजा कॉम्प्लेक्स, जोगेश्वरी, आनंद नगर रोड, जेवीपीडी , गिल्बर्ट हिल, वसोर्वा पम्पिंग एरिया में पानी की पाइपलाइन बदली जाएगी। इस परियोजना पर 15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बरसात के मौसम को छोड़कर 19 महीने में यह काम पूरा किया जाएगा। पिछले कई महीनों में मेट्रो परियोजना के काम के दौरान पश्चिमी उपनगर में कई पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हुईं। जिसके कारण पानी की आपूर्ति बाधित हुई। कुछ दिन पहले जोगेश्वरी में मेट्रो की पाइलिंग के दौरान 40 फुट नीचे पानी की पाइपलाइन टूट गई थी, जिसके कारण बांद्रा, विलिपार्ले, अंधेरी, जोगेश्वरी व अन्य इलाकों में तीन दिनों तक पानी नहीं आया था। पानी की किल्लत को देखते हुए बीएमसी ने टैंकर से पानी आपूर्ति शुरू की थी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अगर सरकार देश की वफादार है तो सीएए, एनपीआर और एनआरसी पर पीछे हटे: मदनी

**मुंबई।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार देश की वफादार है तो उसे संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी(एनआरसी) पर अपने कदम पीछे खींचने चाहिए।

मौलाना मदनी ने 'संविधान बचाओ सम्मेलन' में यह भी कहा की आने वाले दिनों जमीयत देश भर में इन मुद्दों को लेकर देश भर में सभाएं करेगी और सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा, 'यह केंद्र सरकार की नीतियों पर मातम मनाने का समय है। संविधान बचाने की लड़ाई है। कोई भी पार्टी सत्ता में रहकर संविधान के खिलाफ काम करेगी उसका विरोध किया जाएगा।' जमीयत प्रमुख ने कहा, 'भारत के लोगों में एक दूसरे से साथ



मिलजुलकर रहने की परंपरा रही है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज देश को मजहब के आधार पर बांटा जा रहा है।' मदनी ने आरोप लगाया, 'सत्ता में बने रहने के लिए कुछ जगहों पर भीड़ द्वारा हिंसा की घटनाएं कराई गईं, लेकिन जनता ने पिछले चुनावों में ऐसी ताकतों का मुंह काला कर दिया।' उन्होंने कहा, 'पूरा मुल्क शाहीन बाग बना हुआ है। कई निर्दोष लोगों की हत्या कराई गई हैं। कुछ लोग लोकतंत्र के दुश्मन बनकर बैठे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ खड़ा होना है।' उन्होंने कहा कि देश भर में सभाएं की जाएंगी। अहिंसक तरीके से सभाएं होंगी। यह हिंदू-मुसलमान का मुद्दा नहीं है। सबको साथ लेकर सभाएं होंगी।

मदनी ने कहा, 'सीएए, एनपीआर और एनआरसी कई पार्टियों ने कहा है कि वह अपने यहां इन्हें लागू नहीं होने देगी। हम उनका धन्यवाद करते हैं।' उन्होंने कहा कि झारखंड और दिल्ली के चुनावों के नतीजे हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल हैं। मदनी ने कहा, 'अगर सरकार देश की वफादार है तो उसे सीएए , एनपीआर और एनआरसी पर अपने कदम पीछे खींचने चाहिये। जनगणना करो जैसे पहले होती थी, उसी तरह से इस बार भी किया जाए।'

उन्होंने कहा कि सरकार को पीछे हटना पड़ेगा क्योंकि लोकतंत्र में जनता की ताकत से चलता है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को विधानसभा में सीएए के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित कराइये। कांग्रेस नेता आरिफ नसीम खान ने कहा, 'उद्धव ठाकरे के सलाहकार सीएए और एनपीआर पर उन्हें गलत जानकारी दे रहे हैं। सरकार न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर बनी है। इसलिए संविधान के मुताबिक कदम उठाना चाहिए।' कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष नदीम जावेद ने कहा, 'सीएए, एनपीआर और एनआरसी सब एक हैं। तीनों का पुरजोर विरोध होना चाहिए। यह लड़ाई धर्मनिरपेक्ष संविधान बचाने की है।'

## कोरेगांव भीमा मामले में 'हिंदुत्ववादियों' को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं पवार: फडणवीस

**मुंबई।** बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आरोप लगाया कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार कोई ठोस सबूत नहीं होने के बावजूद कोरेगांव भीमा हिंसा मामले में 'हिंदुत्ववादियों' (हिंदू समर्थकों) को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में बजट सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत में ये आरोप लगाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'मेरे कार्यकाल के दौरान राज्य के गृह विभाग ने कोरेगांव भीमा हिंसा मामले में व्यापक जांच की थी।'

फडणवीस के कार्यकाल के दौरान गृह विभाग का प्रभार भी उनके पास ही था। उन्होंने कहा, 'हिंसा पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार की पहली प्रतिक्रिया यही थी कि इसके पीछे हिंदुत्ववादियों का हाथ है। लेकिन पुलिस को उनके दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला।'

फडणवीस ने आरोप लगाया, 'जांच की समूची प्रक्रिया के दौरान न तो बंबई उच्च न्यायालय और न



ही उच्चतम न्यायालय ने आपत्ति जताई। एक अलग एसआईटी की स्थापना के बावजूद पवार कोरेगांव भीमा हिंसा घटना में हिंदुत्ववादियों को फंसाना चाहते हैं।' पुणे पुलिस के अनुसार 31 दिसंबर, 2017 को माओवादियों ने समर्थन से पुणे में एल्गार परिषद के सम्मेलन में भड़काऊ भाषण दिए गए थे, जिसके कारण अगले दिन जिले में कोरेगांव भीमा युद्ध स्मारक में जातीय हिंसा हुई थी। दक्षिणपंथी धड़े के नेता मिलिंद एकबोटे और सांभाजी भीड़े कोरेगांव भीमा हिंसा मामले में आरोपी हैं। पुणे पुलिस ने एल्गार परिषद मामले में माओवादियों से संबंध के आरोप में वामपंथी विचारधारा के सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर धावले, रोना विल्सन, सुरेंद्र गाडलिंग, महेश राउत, शोमा सेन, अरुण फेरीरा, वरनॉन गोंजाल्विस, सुधा भारद्वाज और वरवर राव को गिरफ्तार किया है।

पवार ने इससे पहले इन गिरफ्तारियों को 'गलत' और 'बदला लेने के इरादे से' की गई गिरफ्तारी बताया था और पुणे पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की थी। इस पर पूछे गए सवाल के जवाब में फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र पुलिस को इस बात के ठोस सबूत मिले हैं कि शहरी नक्सलवाद का मुद्दा सिर्फ महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है। यह देश भर में फैल चुका है। इसलिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा इस मामले को एनआईए को सौंपे जाने का फैसला स्वागत योग्य है।'

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे 7 मार्च को जाएंगे अयोध्या



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सात मार्च को कार्यालय संभालने के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में अयोध्या का दौरा करेंगे। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि पार्टी प्रमुख ठाकरे दोपहर में रामलला के दर्शन करेंगे और बाद में सरयू नदी के किनारे में होने वाली आरती में शामिल होंगे।

राउत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करते हुए ट्वीट किया, जिसमें कहा गया है, आइए हम सात मार्च को ऐतिहासिक बनाते हैं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ असंख्य शिवसैनिकों सहित अयोध्या चलते हैं। दोपहर में श्री राम दर्शन और शाम को सरयू आरती। सभी लोग ऐतिहासिक समारोह में शामिल हों। यह घोषणा ऐसे वक्त में हुई है, जब इससे एक दिन पहले ही शुक्रवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं सहित कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात की थी। पिछले महीने ही महाविकास अगाड़ी में शिवसेना की सहयोगी पार्टियों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस के साथ पार्टी में असंतोष की खबरों के बीच शिवसेना ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अयोध्या यात्रा के बाबत जानकारी साझा की थी। पिछले साल 2018 में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बीजेपी के साथ राज्य और केंद्र में सरकार में पार्टी के रहते हुए अयोध्या की यात्रा की थी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का भी स्वागत किया था।

## मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर हादसा, 15 घायल

**मुंबई।** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के चिंचोटी के पास रविवार दोपहर एक ट्रक व बस में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए। घायलों का वसई स्थित प्लेटिनम अस्पताल में उपचार चल रहा है। इनमें से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वालीव पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर 2 बजे ठाणे से एसटी बस वसई आ रही थी। जैसे ही बस मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के चिंचोटी के पास पहुंची, तभी वसई से मुंबई की तरफ जाने वाले ट्रक चालक का नियंत्रण



खोने से उसने बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वालीव पुलिस ने घायलों को प्लेटिनम अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि हादसा इतना जोरदार हुआ कि एक महिला यात्री बस की खिड़की के कांच से बाहर गिरी। इससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## शिवसेना को घेरने भाजपा का दोहरा दांव!

**मुंबई।** शिवसेना को बीएमसी में घेरने के लिए भाजपा काफी समय से रणनीति बना रही है। भाजपा जल्द ही बीएमसी में नेता विपक्ष पद पर दावा करेगी। साथ ही नया गुट नेता भी नियुक्त करेगी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच शुक्रवार को बीएमसी में पार्टी की भूमिका को लेकर लंबी बैठक हुई। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकांत पाटील, मुंबई अध्यक्ष मंगल प्रताप लोढ़ा और विधायक आशीष शेलार शामिल हुए। इसमें तय हुआ कि पार्टी को बिना समय गंवाए जल्द ही बीएमसी में नेता विपक्ष के लिए दावा करना चाहिए। साथ ही यह बात भी निकलकर सामने आई कि नेता विपक्ष और गुट नेता की जिम्मेदारी एक ही व्यक्ति के बजाय अलग-अलग लोगों को सौंपी जाए। इससे शिवसेना को घेरने में आसानी होगी।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, नेता विपक्ष एवं गुट नेता के लिए कई नामों पर चर्चा चल रही है। इसमें अभिजीत सावंत, कमलेश यादव सहित नगरसेविक शिरवडकर एवं ज्योति अलवणी भी शामिल हैं। पहले नेता विपक्ष के लिए प्रभाकर शिंदे के भी नाम की चर्चा थी, लेकिन देवनार मामले में उनके ढुलमुल रवैए के कारण भाजपा नेता उनसे नाराज हैं। नेताओं का मानना है कि स्थायी समिति में जब देवनार पॉवर प्रोजेक्ट के लिए ठेका दूसरे नंबर के ठेकेदार को पास हो रहा था, उस समय शिंदे ने मजबूती से अपनी भूमिका नहीं निभाई। स्थायी समिति में जब चर्चा चल रही थी, उस दौरान वह उठ कर बाहर चले गए और शिवसेना ने उसी समय प्रस्ताव पास करा लिया।

# मीरा भायंदर में ऑटोवालों के हेडफोन छीन कर जला दे रहे हैं पुलिसवाले

## यात्रियों की शिकायत के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई शुरू की


**संवाददाता**

**मुंबई।** लोगों से मिल रही लगातार शिकायतों के बाद मुंबई से सटे मीरा भायंदर इलाके में पुलिस ने ईयरफोन कान में लगाकर ऑटो चलाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। ट्रैफिक पुलिस कान में हेडफोन लगाकर बैठे ऑटो ड्राइवरों से इसे छीन लेती है और जला देती है। पुलिसवाले ऑटोरिक्शा चालकों से ढाई सौ से ज्यादा ईयरफोन छीनकर जला चुकी है। दरअसल पुलिस को लगातार यात्रियों से शिकायत मिल रही थी कि काम में हेडफोन लगाकर गाना सुन रहे या किसी से बात कर रहे ऑटोरिक्शा ड्राइवर उन्हें गलत गंतव्य तक ले जाते हैं। यही नहीं बाद में इस बात पर ध्यान दिलाने पर ऑटो ड्राइवर इसके लिए यात्रियों को जिम्मेदार



ठहराते हैं जिससे विवाद शुरू हो जाता है। मीरा भायंदर यातायात विभाग के सीनियर इंस्पेक्टर अनिल पवार के मुताबिक मुंबई और आसपास के इलाकों में ईयरफोन लगाकर ऑटो चलाने वाले ड्राइवरों के खिलाफ यह पहला अभियान है। यात्रियों से लगातार इस बात की शिकायत आ रही थी कि काम में ईयरफोन लगाकर गाना सुन रहे ऑटो ड्राइवर उन्हें गलत जगह पर ले जाते हैं, कई बार गंतव्य तक पहुंचने के बावजूद अपनी धुन में मगन तक तक ऑटो चलाते रहते थे जब तक जोर से बोलकर उन्हें रोका न जाए या छूकर उनका ध्यान न खींचा जाए। दूर तक ले जाने के बाद ऑटो ड्राइवर यात्रियों से अतिरिक्त किराए की भी मांग करते हैं जिसके चलते अक्सर यात्रियों और ड्राइवरों के बीच विवाद होते रहते हैं।

## सावित्रीबाई फुले विद्यापीठ के हॉस्टल में शराब पार्टी, सुरक्षाकर्मियों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर छात्रों को पकड़ा



**संवाददाता**

**पुणे।** सावित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ के हॉस्टल में रविवार को शराब पार्टी करने के आरोप में सुरक्षाकर्मियों ने छापा मारा। इस दौरान उन्होंने लात से मारकर दरवाजे भी तोड़े। छापेमारी के दौरान कई कमरों से शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पकड़े गए लड़कों पर कार्रवाई की बात कही है। जांच में सामने आया है कि रविवार रात 9 नंबर हॉस्टल के एक रूम में 8-10 छात्र बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। दरवाजा तोड़ कर घुसे सुरक्षाकर्मियों ने नशे में धुत कई छात्रों को पाया। सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि कई बार खटखटाने के बावजूद जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तब सख्ती की गई। फिलहाल, यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से सभी छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## युवक की पिटाई के आरोप में शिवसेना नेता नितिन नांदगांवकर गिरफ्तार, सिर्फ 2 घंटे में मिली जमानत

**मुंबई।** 26 जनवरी की रात को माटूंगा स्टेशन पर लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को मारने और उसका फेसबुक लाइव वीडियों बनाने के आरोप में शिवसेना नेता नितिन नांदगांवकर को पहले गिरफ्तार किया गया। हालांकि, गिरफ्तारी के सिर्फ दो घंटे बाद ही उन्हे जमानत दे दी गई। एनटॉप हिल पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार को शिवसेना कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया, शिवसेना कार्यकर्ताओं की पहचान नितिन नांदगांवकर और दर्शनबीर सिंह सुरजीत सिंह कोचर के रूप मे हुई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



**क्या है पीड़ित पर आरोप?:** रजीवुर रहमान हबीबुर रहमान खान ने इन दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार नांदगांवकर और सिंह ने खान को फोन किया और कुछ काम से पार्टी की एनटॉप हिल शाखा आने को कहा, लेकिन जब वह वहां पहुंचे तो दोनों ने उन्हें पीटा। पुलिस के अनुसार, खान को सीटीटीवी कैमरे में एक महिला को घूरते और छेडछाड़ करते हुए मादुंगा रेलवे स्टेशन पर देखा जा सकता है। सीसीटीवी का जो वीडियो सामने आया है, उसमें मादुंगा स्टेशन में एक छात्रा अपने घर जाती हुई दिखाई दे रही है। अकेली छात्रा ब्रिज से होकर जा रही है, उसके आसपास कोई भी नहीं है। तभी सिरफिरा युवक पीछे से आता है और अचानक लड़की को चूम कर भाग जाता है। अचानक हुई इस घटना से छात्रा डर जाती है। यह सारी घटना स्टेशन में लगे सीसीटीवी में कैद हो जाती है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### ट्रम्प ने साबरमती आश्रम में चरखा चलाया

इसके बाद ट्रम्प ने विजिटर बुक में लिखा- 'माय ग्रेट फ्रेंड मोदी, थैंक यू।' ट्रम्प का बतौर राष्ट्रपति यह पहला भारत दौरा है। आमतौर पर साबरमती आश्रम आने वाले विदेशी नेता विजिटर बुक में महात्मा गांधी के बारे में कुछ लिखते हैं, लेकिन ट्रम्प ने यहां महात्मा गांधी का जिक्र करने की बजाय प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद कहा। इसे लेकर ट्रम्प सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हुए। हालांकि मोदी सरकार में साबरमती आश्रम आए चार अन्य विदेशी राष्ट्राध्यक्षों में से जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने भी महात्मा गांधी का कोई जिक्र नहीं किया था। आबे ने विजिटर बुक में अपने हस्ताक्षर के साथ महज 'लव एंड थैंक यू' लिखा था। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे सितंबर 2017 में पत्नी अकई समेत 2 दिनों के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे थे। उन्होंने मोदी के साथ 8 किमी लंबा रोड शो भी किया था।आबे के बाद 17 जनवरी 2018 को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी पत्नी के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने मोदी के साथ अहमदबाद एयरपोर्ट से साबरमती आश्रम तक रोड शो भी किया था। इसके ठीक एक महीने बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने भी 19 फरवरी 2018 को साबरमती आश्रम का दौरा किया। वे अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ अहमदाबाद पहुंचे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी उनके साथ नहीं थे। यहां उन्होंने विजिटर्स बुक में लिखा, ये बहुत सुंदर जगह है जो शांति, सत्य और सद्भावना को समेटे हुए है।

### एजाज लकड़ावाला का खुलासा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एजाज ने पूछताछ में बताया कि साल 1998 में वह छोटा राजन के राइटहैंड विक्की मल्होत्रा की 10 लोगों की टीम का हिस्सा था। इस टीम में फरीद तनाशा, बालू डोकरे, विनोट मटकर, संजय घाटे और बाबा रेड्डी थे। इस टीम ने दाऊद की हत्या के लिए कराची की एक दरगाह के बाहर कई दिनों तक इंतजार किया था। एजाज ने बताया कि दाऊद की बेटी मारिया की मौत के बाद छोटा राजन ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान तैयार किया। इसके लिए विक्की मल्होत्रा के नेतृत्व में शूटरों की एक टीम ने कराची की उस दरगाह के बाहर दाऊद का इंतजार किया। यहां दाऊद अपनी बेटी की कब्र पर आने वाला था। कभी दाऊद गिरोह का सदस्य रहा एजाज बाद में छोटा राजन के गैंग में शामिल हो गया था। बाद में पैसे के बंटवारे को लेकर छोटा राजन से मतभेद होने के बाद उसने अपना अलग गिरोह बना लिया और नीदरलैंड में रहकर ड्रग तस्करी का धंधा चला रहा था। लकड़ावाला ने मुंबई पुलिस को यह भी बताया है कि दाऊद की थाइलैंड और बांग्लादेश में भी अच्छी पकड़ है। इन दोनों देशों के जरिए वह भारत, यूरोप और अन्य देशों में ड्रग भेजता है। खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दी है कि एजाज की जेल में हत्या की दाऊद साजिश रच रहा है। इसके कारण डी-गैंग से जुड़े खुलासे हैं। एजाज ने मोस्टवांटेड दाऊद इब्राहिम के पाकिस्तान के कराची में दो घरों का पता भी बताया है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के शीर्ष अधिकारियों ने मुताबिक दाऊद के एक घर का पता 6ए, खायाबन तंजीम फेज-5, डिफेंस हाउसिंग एरिया, कराची और दूसरे घर का पता डी-13, ब्लॉक-4, क्लिफ्टॉन, कराची है। दाऊद का भाई अनीस इब्राहिम और उसका खास छोटा शकील भी डिफेंस हाउसिंग एरिया में ही रहते हैं। 2002 बैंकॉक के व्यस्त मार्केट में लकड़ावाला पर जानलेवा हमला किया गया था। उसने दावा किया कि एक ताबीज ने उसे बचा लिया तह। छोटा शकील के शूटर ने उसके सीने पर छह गोलियां दागी गईं। यह गोली उसके शरीर के पास से गुजरी थी। जबकि एक ताबीज में लगी थी।

### गैंगस्टर रवि पुजारी सेनेगल से भारत लाया गया

उस पर अलग-अलग कारणों से बॉलीवुड के कई स्टारों को धमकाने का आरोप है। इनमें सलमान और शाहरुख खान के अलावा गायक अरिजीत सिंह भी शामिल हैं। भारत ने सेनेगल सरकार से 2019 में पुजारी को भारत को सौंपने का अनुरोध किया था। खबर के मुताबिक, पुजारी को पिछले साल सेनेगल पुलिस ने ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। कुछ दिन बाद उसे जमानत मिल गई। उसने बुर्किना फासो के एंथनी फर्नांडीज के नाम पर जाली पासपोर्ट बनवाया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका भाग गया। यहां एक गांव में रहने लगा। सेनेगल पुलिस ने दक्षिण अफ्रीकी पुलिस से मदद मांगी। एक ज्वॉइंट ऑपरेशन में रवि को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे वापस सेनेगल लाया गया। भारत सरकार को जैसे ही पुजारी की गिरफ्तारी की खबर मिली।









# महाराष्ट्र: विपक्ष के हंगामे के साथ उद्धव सरकार का पहला बजट सत्र शुरू

## पहली किश्त में 9 हजार किसानों के कर्ज होंगे माफ



संवाददाता

**मुख्यमंत्री** उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली सरकार का पहला बजट सत्र सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। विपक्ष (भाजपा) के नेताओं ने महिला सुरक्षा, किसान कर्जमाफी और पिछली सरकार की ओर से लिए गए फैसलों को रद्द करने जैसे तमाम मुद्दों को लेकर विधानसभा के बाहर जमकर हंगामा किया। भाजपा विधायक हाथों में तख्तियां लेकर विधानसभा की सीढ़ियों पर बैठे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यह सत्र 20 मार्च तक जारी रहेगा। बजट सत्र से पहले रविवार को सरकार की ओर से आयोजित पारंपरिक चाय पार्टी का विपक्ष (भाजपा) ने बहिष्कार किया है। सत्र के पहले दिन सरकार किसानों को कर्जमाफी का लाभ देना शुरू कर देगी। बजट सत्र की पूर्व संध्या पर मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने यह ऐलान किया। राज्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक कर किसानों के कर्जमाफी की पहली लिस्ट जाहीर की। पहली लिस्ट में 9 हजार किसानों का नाम। किसानों के इस लिस्ट में 10 हजारे रुपये से लेकर ढाई लाख तक की कर्ज की रकम को माफ किया गया है। बजट सत्र में कुल 6 अध्यादेश और 13 विधेयक पेश किए जाने हैं।

**सरकार में कोई मतभेद नहीं: उद्धव ठाकरे** – मुख्यमंत्री ने सरकार में शामिल तीनों घटकों में मतभेद की बात को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एल्गार परिषद का मामला हमने केंद्र को नहीं दिया है। केंद्र ने हमसे छीन कर हमारी पुलिस पर अविश्वास दिखाया है। इस पर हमारी नाराजी अभी भी बरकरार है। सीएए और एनपीआर पर कांग्रेस से चर्चा करने के बाद ही सरकार ने अपनी भूमिका तय की है। जहां तक सवाल एनपीआर में पूछे जाने वाले प्रश्नों को है, इस बारे में तीनों पार्टियों की एक समिति बनाई जाएगी।

### पहले चरण में हर जिले के 2 गांव को लाभ मिलेगा

रविवार रात को सह्याद्री गेस्ट हाउस में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- महात्मा ज्योतिराव फुले किसान कर्जमुक्ति योजना का प्रत्यक्ष लाभ 24 फरवरी से किसानों को मिलना शुरू हो जाएगा। पहले चरण में हर जिले से 2 गांवों यानी 68 गांवों के पात्र किसान लाभार्थियों की लिस्ट 24 फरवरी को जारी की जाएगी। इसके बाद 28 फरवरी से लिस्टें जारी की जाएंगी। अप्रैल के अंत तक सभी किसानों को कर्ज माफी का लाभ दे दिया जाएगा।

### विपक्ष ने चाय पार्टी का बहिष्कार किया तो सीएम बोले- स्थिर सरकार वह पचा नहीं पा रहे

भाजपा और उसके मित्र दलों ने बजट सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री की चाय पार्टी का बहिष्कार किया। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चाय का निमंत्रण बेहतर संवाद के लिए है, लेकिन शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा को पहले आपसी संवाद सुधारने की आवश्यकता है। इधर, मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देना मैं यहां जरूरी नहीं समझता, क्योंकि सिर्फ आरोप लगाने से कोई भी अच्छा विपक्ष साबित नहीं होता। विपक्ष को अपनी भूमिका का सही तरह से निभाना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष किया कि उनकी सरकार दिन गिनने वाली सरकार नहीं है, एक स्थिर सरकार है और यही बात विपक्ष को पच नहीं रही है।

**सीएए और एनपीआर को लेकर महाविकास आघाडी में मतभेद:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के सीएए और एनपीआर के समर्थन के बाद महाविकास आघाड़ी के घटक दलों के बीच मतभेद और मनमुटाव बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। अधिवेशन के दौरान महा विकास आघाड़ी के घटक दलों के बीच मतभेद को बढ़ाना भाजपा की रणनीति होगी। सत्ताधारी दल ने भाजपा को घेरने के लिए उसके कार्यकाल (मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल) के दौरान की गई जांच रिपोर्ट का खुलासा अधिवेशन के दौरान करने की तैयारी में है। यह जांच रिपोर्ट भाजपा नेता एकनाथ खडसे, प्रकाश मेहता, पंकजा मुंडे व सुभाष देशमुख के खिलाफ की गई जांच से संबंधित होगी।


## ट्रम्प ने मोदी को सख्त नेगोशिएटर बताया, कहा- दोनों देशों के बीच एक बड़ी ट्रेड डील पर बातचीत हो रही



**भारत** दौरे पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि दोनों देशों के बीच एक शानदार व्यापार समझौते पर चर्चा चल रही है। यह अब तक की सबसे बड़ी ट्रेड डील में से एक होगी। ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों के बीच निवेश को आसान बनाने के लिए बातचीत शुरूआती दौर में है। हालांकि, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेहद सख्त नेगोशिएटर (मोल-भाव करने वाले) हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि हम भारतीय सुरक्षा बलों को 3 अरब डॉलर के हेलिकॉप्टर बेचने की डील साइन करेंगे। मुझे लगता है कि अमेरिका को भारत का प्रमुख डिफेंट पार्टनर होना चाहिए। हम साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वतंत्र बनाएंगे। ट्रम्प ने कहा कि इस दौरे में दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते बढ़ाने की कोशिशों पर चर्चा होगी। अमेरिका एक्सपोर्टर्स के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। भारत से भी सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट अमेरिका में हो रहा है। अमेरिका की तरक्की भारत और पूरी दुनिया के लिए अच्छी बात है। इसलिए, हमें इस बात की खुशी है कि अमेरिका अर्थव्यवस्था अब तक के सबसे अच्छे दौर में है। ट्रम्प ने कहा कि भारत में मोदी भी सुधार के कई बड़े कदम उठा चुके हैं। दुनिया भारत के कारोबारी माहौल में और भी तेजी से सुधार की उम्मीद कर रही है। मोदी ऐसा कर भी रहे हैं।

# सीएए पर टकराव: उत्तर-पूर्वी दिल्ली में लगातार दूसरे दिन पथराव-आगजनी

**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली में रविवार दोपहर से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोधी और समर्थक गुटों के बीच हिंसक झड़पें हो रही हैं। सोमवार को दूसरे दिन जाफराबाद और मौजपुर इलाके में दोनों गुटों में पथराव हुआ। उपद्रवियों ने कई जगहों पर वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान पथराव में जख्मी गोकलपुरी थाने के हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की मौत हो गई। वहीं, शहादरा के डीसीपी अमित शर्मा अस्पताल में भर्ती हैं। भीड़ ने उनकी गाड़ी भी फूंक दी। डीएमआरसी ने एहतियातन 5 मेट्रो स्टेशन- जाफराबाद, मौजपुर-बाबरपुर, गोकुलपुरी, जोहरी एन्क्लेव और शिव विहार मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया है। इस रूट की ट्रेनें वेलकम स्टेशन तक ही जाएंगी। पुलिस ने मौजपुर, कर्दमपुरी, चांद बाग, भजनपुरा और दयालपुर समेत 10 इलाकों में धारा 144 लागू की है। पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक खुद कंट्रोल रूम से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा है कि अपने घरों में रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दिल्ली दौरे के मद्देनजर हिंसक झड़प के बाद स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि इलाके में भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। खबर के मुताबिक, सीएए



विरोधी जाफराबाद मेट्रो स्टेशन पर जुटे हैं, जबकि सीएए समर्थक यहां से एक किलोमीटर दूर मौजपुर मेट्रो स्टेशन पर इकट्ठे हुए हैं। रविवार को हुए पथराव के बाद दोनों गुट सोमवार दोपहर को फिर आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से पथराव हुआ। इस दौरान उपद्रवियों ने एक गोदाम समेत कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। वहीं, भजनपुरा और चांद बाग में भी झड़प हुई। एक पेट्रोल पम्प पर तोड़फोड़ की गई। एक वीडियो में भीड़ में शामिल प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मी की ओर पिस्टल तानता हुआ दिखाई दिया। उसने हवा में कई राउंड फायर किए। उपद्रवियों की ओर से चलाई गोली लगने से एक युवक जख्मी हो गया। इस दौरान कुछ मीडियाकर्मियों की पिटाई भी की गई। राजधानी में हिंसा की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल अनिल बैजल और गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा की। केजरीवाल ने ट्वीट किया- दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से हिंसा की खबरें चिंताजनक हैं। दूसरी ओर, उपराज्यपाल बैजल ने दिल्ली पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और संयम बरतने की अपील की। जाफराबाद में भी महिलाओं ने मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार रात सीएए के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन शुरू किया था। रविवार दोपहर चांद बाग में भी ऐसा ही प्रदर्शन शुरू हो गया। महिलाओं का कहना था कि जब तक केंद्र सरकार सीएए को वापस नहीं लेती है, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा।




## अरविंद केजरीवाल की नजर दिल्ली की बड़ी कुर्सी पर व्हाया उत्तर प्रदेश!

**दिल्ली** में अपनी स्थिति जमा लेने के बाद, अरविंद केजरीवाल अब देश के दूसरे प्रदेशों में पांव पसारने की तैयारी शुरू कर रहे हैं, और इसके लिए उनकी पार्टी ने सीधे उत्तर प्रदेश का रूख किया है। आम आदमी पार्टी के मिशन यूपी की वजह भी वही लगती है जो राष्ट्रीय राजनीति में मान्यता बन चुकी है कि प्रधानमंत्री पद का रास्ता यूपी से होकर ही गुजरता है। आखिर भाजपा प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने भी तो उत्तर प्रदेश का ही रूख किया था शायद अरविंद केजरीवाल भी वही राह अपनाना चाहते है। वैसे यह नयी बात नहीं है इसके पहले भी अरविंद केजरीवाल वाराणसी के माध्यम से उत्तर प्रदेश की सियासी नदी में 2014 में भी डुबकी लगा ही चुके हैं और उसमें विफल रह चुके है। अब दिल्ली विधान सभा में प्रचंड जीत ने उनके हौसलों को नयी बुलंदी दी है। अब नयी तैयारी जोरदार लग रही है। मिशन को अंजाम देने के मकसद से अरविंद केजरीवाल के भरोसेमंद कमांडर लखनऊ पहुंच भी चुके हैं। सूबे के आप नेताओं के साथ रणनीतियों को लेकर लम्बी चर्चा भी कर चुके हैं।



अशोक भाटिया

उत्तर प्रदेश से पहले संजय सिंह महाराष्ट्र के दौरे पर थे और मुंबई की प्रेस वार्ता में ही प्रशांत किशोर के आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने की संभावना जतलाई थी। मुंबई में ही मुंबई महानगर पालिका चुनावों में भागीदारी को लेकर संजय सिंह ने कहा था कि अब उनकी पार्टी हड़बड़ी में कोई भी काम नहीं करने वाली है। खबर ये भी है कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में पहले छोटे यानि निकाय चुनावों में खुद को आजमाना चाहती है, ताकि आगे के लिए रणनीति बने जा सकें 2014 के आम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 430 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और नतीजे आये तो पता चला 409 सीटों पर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी पर अब वह अपनी स्थिति मजबूत समझ रही है क्योकि दिल्ली विधान सभा में उसके विधायकों में से 1 5 मूल रूप से उत्तर प्रदेश के है। यही कारण है कि दिल्ली के बाद विधानसभा चुनाव की सबसे नजदीकी तो बिहार की है और उसके बाद पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों की, लेकिन आम आदमी पार्टी की नजर उत्तर प्रदेश पर अभी से जा टिकी है।

पार्टी ने आप को विस्तार देने के मकसद से सदस्यता अभियान शुरू किया है। 23 फरवरी से 23 मार्च तक चलने वाले अभियान के तहत उसका सपना एक करोड़ लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा आप पार्टी के अनुसार दिल्ली, उत्तर प्रदेश और गुजरात में एक-एक लाख से ज्यादा लोग आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं और इस तरह 12 दिन में 16 लाख से ज्यादा लोग आप के मिस्ड कॉल नंबर पर फोन कर चुके हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के दिन ही आप ने एक नंबर जारी किया था ताकि जो लोग पार्टी से जुड़ना चाहते हैं वो मिस कॉल दे सकेंमिशन यूपी के तहत पार्टी केजरीवाल सरकार के विकास मॉडल का यूपी के गांव-गांव घूम कर प्रचार करने की तैयारी कर रही है। दिल्ली विधान सभा की जीत के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा भी था कि अब काम की राजनीति शुरू हो चुकी है और बाकी सब नहीं चलेगा केजरीवाल सरकार के शिक्षा, चिकित्सा, बिजली और पानी के क्षेत्र में कार्य से जुड़े जिस विकास मॉडल के जरिये आम आदमी पार्टी को दिल्ली में ऐतिहासिक जीत मिली है। केजरीवाल सरकार के उस विकास माडल का अब आम आदमी पार्टी यूपी के गांव-गांव में आजमाना चाहती है। अब देखना यह होगा कि उत्तर प्रदेश में योगी जी के विकास मॉडल के किले को फ्री बिजली पानी का लोलीपॉप कितना भेद पाता है?

## फोटो पोस्ट करते ही ट्रेंड करने लगीं इवांका



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सपरिवार भारत दौरे पर आए हैं। सोमवार दोपहर पत्नी मेलानिया और बेटी इवांका के साथ वे आगरा स्थित ताजमहल का दीदार करने पहुंचे। कुछ ही देर बाद इवांका ने ताजमहल के सामने खींची गई खुद की तस्वीर को ट्विटर पर पोस्ट किया। इसके बाद वे ट्रेंड करने लगीं। यूजर्स ने इवांका की तुलना ताजमहल से की। राघवेंद्र सिंह नाम के यूजर ने लिखा- इवांका तो ताजमहल से भी ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं। अन्य यूजर शिवम ने इवांका की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा- इवांका क्यूट हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# लक्ष्य 351 का, लेकिन अभी तक 'सिपहसालार' नहीं तय कर पाए अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने में अभी दो साल बचे हैं। एसपी मुखिया अखिलेश यादव अभी से 351 विधायकों की जीत के साथ सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। हालांकि, इस दावे को जमीन पर उतारने के लिए 'सिपहसालार' तक पार्टी अभी तय नहीं कर सकी है। करीब छह महीने से एसपी का प्रदेश संगठन बिना टीम के चल रहा है।

अखिलेश यादव ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के बदतर प्रदर्शन के बाद पूरी प्रदेश कार्यकारिणी, युवा संगठन, महिला सभा, छात्र इकाई से लेकर जिला टीमों तक को भंग कर दिया था। 23 अगस्त को लिए गए इस फैसले में केवल प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर नरेश उत्तम को बरकरार रखा गया था। तब से पार्टी को एक मुकम्मल टीम का इंतजार है।

पार्टी ने फिलहाल जिला और युवा संगठनों पर काम



शुरू किया है। अब तक 45 से अधिक जिलों के अध्यक्ष घोषित किए जा चुके हैं। कई जिलों में तो जातीय और सामाजिक समीकरण साधने के लिए प्रदेश स्तर से ही अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष व महासचिव सहित अन्य पदाधिकारी भी घोषित कर दिए गए हैं। पार्टी की यूथ विंग के भी मुख्य चेहरे तय किए जा चुके हैं। युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं। सूत्रों की मानें तो समाजवादी छात्रसभा के अध्यक्ष की कमान दिग्विजय सिंह देव को फिर दी जा सकती है। हालांकि, प्रदेश की कोर टीम पर अभी मंथन ही चल रहा है।

45 से अधिक जिलों के अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं। बूथ समितियों का गठन चल रहा है। पार्टी से बड़े पैमाने पर ऊर्जावान व प्रभावी चेहरे जुड़ रहे हैं। उनका उपयोग कर प्रदेश को कुशासन से मुक्त कराने का लक्ष्य है। जल्द प्रदेश टीम भी घोषित की जाएगी।

-नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष, एसपी

**नामदार से ज्यादा असरदार चेहरों की तलाश**

एसपी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारा ध्यान बूथ और जिला समितियों पर है। इस कड़ी में कई अच्छे और प्रभावी चेहरे भी पार्टी से जुड़ रहे हैं। दूसरे दलों से भी जनाधार वाले नेता लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं। अगर आपके पास स्थानीय स्तर पर वोट जोड़ने, वोटरों को बूथ तक ले जाने वाले चेहरे होंगे तो चुनाव जीतना आसान होगा। इसलिए, पार्टी का ध्यान 'मुखौटों' की जगह असरदार चेहरों पर है।

पार्टी पिछली बार 'नामदारों' के चक्कर में नुकसान उठा चुकी है। इस बार प्रदेश टीम में नए चेहरों को जगह देने के साथ दूसरे दलों से आए प्रभावी लोगों को भी कोर टीम का हिस्सा बनाया जाएगा। सूत्रों की मानें तो पार्टी की रणनीति यह है कि चुनाव नजदीक आने के साथ ही जमीन पर आक्रामकता और सक्रियता दिखे। क्योंकि, अक्सर पहले की गई मेहनत पर बीजेपी कोई न कोई मुद्दा लाकर पानी फेर देती है।

## बिहार में एनआरसी लागू नहीं होगाः नीतीश



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को दोहराया कि राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी(एनआरसी) लागू नहीं किया जाएगा। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष ने दिसंबर में अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि राज्य में एनआरसी लागू नहीं किया जाएगा। हालांकि पार्टी ने केंद्र के संशोधित नागरिकता अधिनियम का समर्थन किया था। कुमार ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ह्यह्यएनआरसी को यहां (बिहार में) लागू नहीं किया जा रहा है और राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर)का 2010 में किए गए तरीके से ही अद्यतन किया जाएगा।ह्वह्व वह दरभंगा जिले के हायाघाट ब्लॉक के चंदनपट्टी में मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। वहां उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से संबंधित 80 करोड़ रुपये की लागत वाली कई योजनाओं का शिलान्यास किया।

## 'नैतिक पुलिसिंग' के नाम पर छात्रा को पीटने के आरोप में बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**इंदौर।** 'नैतिक पुलिसिंग' के नाम पर यहां गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर एक छात्रा से बदसलूकी और मारपीट के आरोप में पुलिस ने 37 वर्षीय बैंक मैनेजर को रविवार को गिरफ्तार किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुका है। भंवरकुआं थाने के प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि मामले में एक निजी बैंक की राऊ स्थित शाखा के प्रबंधक अमरजीत सिंह (37) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया, 'सिंह ने शुक्रवार रात गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर एक छात्रा को पीट दिया था। उसने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए हॉस्टल की अन्य छात्राओं से भी बदसलूकी की थी।' शुक्ला ने बताया, 'गर्ल्स हॉस्टल की पीड़ित छात्राओं के मुताबिक आरोपी ने यह कहते हुए उनसे बदसलूकी की थी कि वे उसके घर के सामने लड़कों से मिलकर क्षेत्र में अश्लीलता फैला रही हैं।'

## दिल्ली में जीत से आम आदमी पार्टी का 'जोश हाई', यूपी में लडेगी पंचायत चुनाव



**लखनऊ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली एकतरफा जीत से आम आदमी पार्टी (आप) लगातार दूसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही। पंजाब, गोवा और लोकसभा चुनावों में मिली शर्मनाक हार के बाद मिली इस जीत ने पार्टी के लिए संजीवनी का काम किया है और अब पार्टी अन्य राज्यों के चुनावों में भी किस्मत आजमाएगी। उत्तर प्रदेश के पंचायत चुनावों में आप भी हिस्सा लेगी।

पार्टी इसके लिए राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में 25 लाख नए कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी और इस साल के अंत तक होने वाले पंचायत चुनावों में हिस्सा लेगी। आप प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के 1.07 लाख गावों में जाएंगे और उनके मुद्दों को जानेंगे।

संजय सिंह ने कहा कि आप इसके राज्य में 25 लाख नए कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी। हर विधानसभा में करीब 5000 पोस्टर लगाए जाएंगे। बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को 70 में से 62 सीटों पर जीत मिली है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी लगातार दूसरी बार दिल्ली में अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही।

## दिल्लीः बीजेपी ने रामवीर सिंह बिधूड़ी को चुना नेता विपक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना नेता विपक्ष चुन लिया है। बीजेपी ने यह जिम्मेदारी रामवीर सिंह बिधूड़ी को दी है। वह बदरपुर सीट से विधायक चुने गए हैं। विधानसभा में नेता विपक्ष चुने जाने पर रामवीर बिधूड़ी ने पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत सभी बीजेपी विधायकों का धन्यवाद किया।

जिम्मेदारी मिलने पर रामवीर सिंह बिधूड़ी बोले, 'दिल्ली विधानसभा में बीजेपी का रचनात्मक विरोध रहेगा। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दुनिया का सबसे सुंदर राज्य बनाने का वादा किया है, इसमें हमारा सहयोग पूरा मिलेगा। 200 यूनिट बिजली और मुफ्त महिला बस सफर योजनाओं को केजरीवाल सरकार जारी रखे ये हम चाहेंगे। इन योजनाओं में अगर कोई कटौती की तो बीजेपी इसका कड़ा विरोध दर्ज कराएगी।'

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव इसी महीने की 8 तारीख को हुए थे। 11 फरवरी को नतीजे आए थे। दिल्ली चुनाव में फिर आम आदमी पार्टी को बड़ी जीत मिली है। उन्होंने 70 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं बीजेपी के खाते में 8 सीट आई हैं।

बीजेपी के जीते विधायकों में विजेंद्र कुमार (रोहिणी), रामवीर सिंह बिधूड़ी (बदरपुर), अभय वर्मा (लक्ष्मी नगर), ओम प्रकाश शर्मा (विश्वास नगर), अनिल वाजपेयी (गांधी नगर), जितेंद्र महाजन (रोहताश नगर), अजय महावर (घोंडा), मोहन सिंह बिष्ट (करावल नगर) शामिल हैं।

## बनारस में मिला 4000 साल पुराना शिल्प ग्राम

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से करीब बीस किलोमीटर दूर जक्खिनी के बभनियांव गांव में करीब चार हजार साल पुराने शिल्प ग्राम का पता चला है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्राचीन ग्रंथों में दर्ज शिल्प ग्रामों में से एक है। पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने फौरी तौर पर इस इलाके में उत्खनन का काम कराने का निर्णय लिया है। 26 फरवरी से इसपर काम शुरू भी हो जाएगा।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की ओर से पंचक्रोशी एरिया का सर्वेक्षण कराए जाने के दौरान बभनियांव गांव में प्राचीन टीला मिला। टीले पर चार हजार साल पुराने मिट्टी के बर्तन, मंदिर और दो हजार साल पुरानी दीवारों के अवशेष तथा ब्राह्मी लिपि में लिखे अभिलेख मिले।

# खजुराहो डांस फेस्टिवल 2020 की हुई शुरूआत, जानें क्या है खास

क्लासिकल डांस के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। भारत की नृत्य कला और आर्टिस्ट के सम्मान में आयोजित होने वाले खजुराहो डांस फेस्टिवल की शुरूआत 20 फरवरी से हो गई है। इस फेस्टिवल में विभिन्न राज्यों के आर्टिस्ट कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मणिपुरी और कथकली जैसे डांस फॉर्म्स में अपना जलवा दिखाएंगे। खजुराहो भले ही अपने मंदिरों के लिए मशहूर हो, लेकिन आप यहां इस डांस फेस्टिवल का लुत्फ उठाने के लिए भी आ सकते हैं। यह फेस्टिवल 26 फरवरी तक चलेगा। फेस्टिवल के लिए एंट्री बिल्कुल फ्री है और इसकी टाइमिंग शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक है।

वर्ल्ड फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में से एक खजुराहो में मध्य प्रदेश का संस्कृति विभाग हर साल इस डांस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। मध्य प्रदेश की संस्कृति मंत्री डॉ. विजय लक्ष्मी साधौ ने बताया कि इस साल भी यह समारोह 20-26 फरवरी, 2020 तक खजुराहो में पश्चिम मंदिर समूह के पास स्थित परिसर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिरों के पाश्र्व में हर दिन शाम



7.00 बजे से विभिन्न भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों के श्रेष्ठ कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। डांस फेस्टिवल में शामिल होने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह वीकेंड आपके लिए परफेक्ट है। इस फेस्टिवल में शामिल होने के अलावा आप खजुराहो के अन्य पर्यटन स्थलों की सैर भी कर सकते हैं।

कैसे पहुंचें खजुराहो

देश के सभी बड़े शहर के खजुराहो पहुंचना का काफी आसान है। जहां तक हवाई मार्ग से यहां पहुंचने की बात है तो खजुराहो शहर का अपना सिटी एयरपोर्ट है, जोकि देश के विभिन्न हिस्सों से कनेक्टेड है। यहां से आप ऑटो या टैक्सी करके डांस फेस्टिवल आयोजन स्थल तक पहुंच सकते हैं। बात करें रेल और सड़क मार्ग की, तो खजुराहो में रेलवे स्टेशन भी है, जो ऐतिहासिक इमारतों से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। देश के सभी बड़े शहरों से रेलवे लाइन के जरिए खजुराहो कनेक्टेड हैं। सड़क मार्ग के द्वारा आप अपनी गाड़ी के अलावा बस से भी खजुराहो पहुंच सकते हैं।

# फूड वॉक में चांदनी चौक के लजीज खाने का उठाएं लुत्फ

सुबह की हल्की ठंड में दिल्ली चांदनी चौक की गलियों में अगर आपको कूचा घासी राम के यहां बनी चाय का लुत्फ मिल जाए या फिर शिव मिष्ठान भंडार कूचा घासी राम के यहां से आपको बेड़मी पूरी और नागोरी हलवा खाने को मिल जाए तो दिन बन जाएगा। अगर आप भी इस अनुभव को लेना चाहते हैं, तो एनबीटी रंगमंच क्लब लेकर आया है द फूड वॉक एट चांदनी चौक। जहां आपको सुबह सूरज की पहली किरण के साथ चांदनी चौक में फूड वॉक पर चाय के साथ बेहद लजीज बेडमी पूरी और नागौरी हलवा का लाजवाब टेस्ट मिलेगा।

इस फूड वॉक में सिर्फ आपको इन मशहूर चीजों को टेस्ट ही नहीं मिलेगा बल्कि उससे जुड़ा इतिहास भी आपको जानने को मिलेगा। फूड वॉक पर एक्सपर्ट राकेश खत्री आपको हर चीज से रूबरू कराएंगे। इस



फूड वॉक के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आगामी 29 फरवरी 2020 को इसका आयोजन किया जाना है। यह फूड वॉक सुबह 08 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा और 10 बजकर 30 मिनट पर खत्म होगा।

इस फूड वॉक में कुल 30 सीट्स हैं और इसके लिए आपको टिकट लेना होगा। एनबीटी रंगमंच के मेंबर्स के लिए टिकट का रेट 400 रुपये और नॉन मेंबर्स के लिए टिकट का रेट 600 रुपये रखा गया है। टिकट लेने वाले सभी 30 लोगों को चांदनी चौक में छैना राम हलवाई के सामने स्थित फतेहपुरी मस्जिद के पास जमा होना होगा। यहां हम आपको बताना चाहते हैं कि टिकट में स्ट्रीट फूड का रेट भी जुड़ा हुआ है। इसके लिए आपको एक्स्ट्रा पैसे नहीं खर्च करने होंगे।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
काम की अधिकता रहेगी। विचलित न हों संयम बनाए रखें। अपना व्यवहार कार्यालय में ठीक रखें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**सिंह**
काम अधिक होने से चिड़चिड़ाहट हो सकती है। अधिकारी से विवाद हो सकता है। काम पेंडिंग न रखें। धन की कमी रहेगी।

**धनु**
काम की अधिकता रहेगी। समय पर सब काम पूरे हो जाएंगे। अपना काम किसी और को न सौंपें। मांगलिक कार्यक्रमों में जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
अचानक काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सहकर्मी से विवाद हो सकता है। धनतंगी रहेगी।

**कन्या**
प्रॉपर्टी में निवेश के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। किसी को उधार न दें। वाहन सतर्कता से चलाएं। खानपान में अति न करें।

**मकर**
कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ सकती है। तनाव ग्रस्त हो सकते हैं। इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। खानपान का ध्यान रखें।

**मिथुन**
प्रॉपर्टी संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी। कोई भी निर्णय सोच समझकर लें। काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। वाहन सावधानी से चलाएं।

**तुला**
कोई आपको भ्रमित करने का प्रयास कर सकता है। अच्छा होगा सतर्कता से कोई निर्णय लें। चोरी, दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**कुंभ**
अपने कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ेगी लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। बच्चों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

**कर्क**
बच्चों को लेकर चिंता बनी रहेगी। कॅरियर के लिए निर्णायक दौर चल रहा है। कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है। सतर्क रहें।

**वृश्चिक**
किसी के प्रलोभन में न आएं काम बिगड़ सकते हैं। अनावश्यक विवादों में न पड़ें। अधिकारी वर्ग की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**मीन**
कोई अनजान व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। किसी को कर्ज न दें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। समय प्रतिकूल चल रहा है इसलिये सतर्क रहें।

# बच्चों ने बाहर घूमने से मना किया तो पैरेंट्स ने ऐसे सिखाया सबक, जानकर रह जाएंगे हैरान

आजकल ज्यादातर बच्चों की दुनिया स्मार्टफोन तक सिमट कर रह गई है। स्टडी से लेकर एंटरटेनमेंट तक और स्पोर्ट्स से लेकर डेली रूटीन की हर छोटी-बड़ी जरूरत के लिए वे सिर्फ और सिर्फ इंटरनेट पर ही निर्भर है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि वे आपने मोबाइल फोन से बाहर निकलते ही नहीं है। ऐसे में खेलने का मैदान तक पहुंचना तो बहुत दूर की बात है। हालांकि बच्चों को मोबाइल फोन की दुनिया से निकालने के लिए अब पैरेंट्स तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। ऐसा ही एक अूनठा लेकिन क्रिएटिव तरीका अपनाया है आस्ट्रेलिया के एक कपल्स ने,जिन्होंने अपने बच्चों को बाहर आउंटिंग पर जाने से मना करने के बाद बच्चों को कुछ इस तरह से सबक सिखाया आइए जानते हैं...



दरअसल आस्ट्रेलिया के निवासी ने अपने तीनों बच्चों के साथ आउंटिंग का प्लान बनाया था। उन्होंने बच्चों से कहा कि बाहर घूमने चलना है। बच्चे बोले- बहुत बोरिंग होता है डे ट्रिप। पेरेंट्स ने इस बात पर वाई-फाई और मोडम उतारा और अपने साथ लेकर चले गए। ये बात दुनिया के सामने तब आई, जब उंर२ञ्ी ने इस बारे में फेसबुक पर पोस्ट कर दिया। उन्होंने इस बारे में फेसबुक पर लिखा, हमने अपने बच्चों से पूछा कि क्या वो हमारे साथ डे ट्रिप पर जाना चाहते हैं। तो उन्होंने कहा कि यह बहुत बोरिंग होता है। तो उन तीनों को ले जाने की जगह हम हमारे घर में सबसे ज्यादा काम करने वाले वाईफाई मोडम को ले गए।

फेसबुक पर तस्वीरें की पोस्ट

मोडम ने काफी अच्छा दिन बिताया। यहां तक कि कपल ने अपने बच्चों को सबक सिखाने के लिए मोडम की तस्वीरें भी खींची और पोस्ट कीं। मोडम को घर से बाहर ले जाना बच्चों का दिन बोरिंग कर देना है। क्योंकि घर रहते तो इंटरनेट चलाते। इसलिए कपल ने ये अलग तरीका इसलिए निकाला, जिससे बच्चों को बाहर घूमने-फिरने की अहमियत समझाई जा सके। साथ ही उन्हें इंटरनेट की दुनिया से बाहर निकाला जा सके। वहीं पैरेंट्स की इस पहल को सोशल मीडिया पर खूब लाइक किया जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# गर्म चाय से जली हुई जीभ को ऐसे करें ठीक!

***कई बार गर्म खाना खाने से या फिर गर्म कुछ पीने से हमारी जीभ जल जाती है, जो काफी दिनों तक ठीक नहीं होती और कुछ भी खाने की चीज स्वाद नहीं लगती। यह एक ऐसी समस्या है जिससे कभी न कभी हर किसी को गुजरना पड़ता है। आज हम आपको ऐसे उपाय बताएगें जिन्हें अजमाकर आप अपने खाने का दोबारा आनंद ले सकते है।***

1. जीभ जलने पर मुंह से सांस लें, ऐसा करने से अंदर ठंडी हवा जाती है जिससे आपको आराम मिलेगा। आप मेंथॉल च्यूइंगम भी चबा सकते हैं।
2. बर्फ के टुकड़े को मुंह में रखने से जली जीभ से राहत मिलती है। इसके अलावा आप ठंडे पानी से करीब तीस सेकेंड तक कुल्ला भी कर सकते हैं।
3. आप फ्रिज में रखी हुई दही खाकर भी जीभ की जलन से राहत पा सकते है।
4. जली जीभ को ठीक करने के लिए चीनी एक कारगर उपाय है। इसके लिए जीभ पर चीनी की मोटी परत लगाने से आराम मिलता है। आप चाहें तो चीनी की जगह शहद भी लगा सकते हैं।
5. जली हुई जीभ को ठीक करने के लिए उस पर विटामिन ई का तेल भी लगा सकते हैं।
6. आप एलोवेरा जेल को ठंडा करके चूसें तो इससे भी जलन में काफी आराम मिलता है जबकि यह स्वाद में कड़वी होती है पर यह मुंह को ठीक कर देती है।
7. इसके अलावा आप जीभ जल जाने पर टमाटर, सिट्रिक फल, सिरके और ज्यादा नमकीन भोजन के सेवन से बचना चाहिए।

# नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें, दूर रहेंगी प्रॉबल्म!

**बदलते** जीवनशैली के कारण आज हर 5 में से 3 व्यक्ति किसी ना किसी हेल्थ प्रॉबल्म से परेशान रहता है। ऐसा खासकर सही डाइट न लेने के कारण भी हो सकता है। इसके लिए लोगों को अपनी आधे से ज्यादा सैलरी अपनी बीमारियों में कर्च करनी पड़ती है लेकिन फर्क फिर भी नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपनी कुछ खान-पान में बदलाव करके और अपने कुछ आदतों को बदल कर हमेशा के लिए निरोगी रह सकते है।
बहुत से लोग नहाते समय सादे पानी का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर इस पानी में कुछ जरूरी चीजों को मिलाकर नहाया जाए तो कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम से बचा जा सकता है। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसी ही जरूरी चीजों के बारे में बताएंगे, जिनको पानी में मिलाकर नहाने से कई बीमारियों और परेशानियों से बचा जा सकता है।

### 1. फिटकरी

नहाने की बाल्टी में एक चम्मच फिटकरी और सेंधा नमक मिलाकर नहाएं। इससे बॉडी का ब्लड सकुर्लेशन सुधरेगा, जिससे स्ट्रैस की समस्या दूर होगी और मसल्स पेन दूर होगा।

### 2. नीम के पत्ते

एक गिलास पानी में नीम के पत्ते मिलाकर उबाल लें। ठंडा होने पर पानी को छान लें। इसे पानी वाली बाल्टी में मिलाकर नहाएं। इससे स्किन इंफैक्शन और सूजन दूर रहेगी।

### 3. गुलाबजल

एक बाल्टी में 3 से 4 चम्मच गुलाब जल मिलाकर नहाने से मसल्स रिलैक्स महसूस करते है और साथ ही बॉडी की बदबू दूर होती है।

### 4. संतरे के छिलके

गुनगुने पानी की बाल्टी में दो संतरे के छिलके डालें। 10 मिनट बाद इनको पानी से निकाल कर नहाएं। इससे मसल्स पेन और स्किन इंफैक्शन दूर होगी।

### 5. कपूर

नहाने की बाल्टी में कपूर मिला लें। इससे बॉडी को रिलैक्स मिलेगा साथ ही सिर दर्द की समस्या दूर होगी।




# सगाई के बाद इन राज से कभी न उठाएं पर्दा!

**मॉडर्न** समय में लव मैरिज का क्रेज ज्यादा देखने को मिल रहा है लेकिन ऐसे लोग भी है, जो लव मैरिज के बजाएं अरैंज मैरिज में विश्वास करते है क्योंकि इस रिश्ते में सबकी रजार्मंदी होती है और सभी के मन में खुशी भी होती है। कहते है कि रिश्ता पक्का होने के बाद लड़का-लड़की को मिलते रहने चाहिए, ताकि वह अच्छे से एक-दूसरे को समझ सकें। ऐसे में कुछ लोग अपने सारे सीक्रेट शेयर कर लेते है, जिससे बाद में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।
अगर आपकी सगाई भी हो चुकी है तो आज हम आपको कुछ ऐसी बातें बताएंगे, जिनका भूल कर भी पार्टनर के सामने जिकर नहीं करना चाहिए।

**1. अपना बुरा अतीत**
हर किसी की लाइफ को कोई न कोई बुरा अतीत जरूर होता है। अगर आपका भी है तो सगाई के बाद उसको अपने पार्टनर के साथ शेयर न करें। एक बार रिश्ते में बधंने के बाद फिर जैसे मर्जी बताएं।

**2. अपने से जुड़े खास राज**



अपने परिवार की अधिक जानकारी न दें, जैसे आपके घर में माता-पिता औक भाई-बहन के संबंध कैसे है। इस विषय में तुरंत बात न करें।

**3. आपनी कमजोरी**
हर किसी की कोई न कोई कमजोरी तो होती है। अगर आपकी भी है तो इसको सगाई के बाद अपने पार्टनर के साथ शेयर न करें। इस गलत प्रभाव पड़ सकता है।

**4. पारिवारिक जानकारी**
परिवार में लोगों के आपसी सम्बंध, उनकी आर्थिक स्थिति, उनकी कमजोरियां और अंदरूनी क्लेश आदि के बारे में न बताएं क्योंकि ये सब बताने के लिए सारा जीवन पड़ा है।

**5. अपनी गर्लफ्रेंड या ब्वॉयफ्रेंड**
अपनी पुराने प्यार के बारे में न बताएं। उसके साथ आपका क्या रिश्ता था, शादी से पहले कभी भी ये बात शेयर न करें। इससे रिश्ता टूट भी सकता है।

# वेलिंग्टन टेस्टः कोहली ऐंड कंपनी की बड़ी हार, न्यूजीलैंड ने पूरा किया जीत का शतक

**वेलिंग्टन।** भारतीय बल्लेबाजों ने विपरीत परिस्थितियों में फिर से आसानी से घुटने टेक दिए जिससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन पहले सत्र में ही दस विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 144 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 81 ओवर में 191 रन पर ढेर हो गई।

यह पहली पारी के उसके प्रदर्शन से थोड़ा अच्छा था लेकिन इतना बेहतर नहीं था कि कीवी टीम के लिए कोई चुनौती पेश कर सके। भारत ने पहली पारी में 165 रन बनाए थे। टिम साउदी (61 रन देकर पांच) और ट्रेंट बोल्ट (39 रन देकर चार) की जोड़ी ने दिखाया कि उनकी सीम और स्विंग के सामने भारत की मशहूर बल्लेबाजी लाइन अप में भी काफी सुधार की जरूरत है। न्यूजीलैंड के सामने नौ रन का लक्ष्य था जो उसने 1.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर दिया और इस तरह से टेस्ट क्रिकेट में अपनी 100वीं जीत दर्ज की।

भारत को टेस्ट मैचों में आखिरी हार 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में मिली थी लेकिन बेसिन रिजर्व की पराजय से वह अधिक आहत हुआ क्योंकि हाल में कभी उसकी टीम ने इस तरह से घुटने नहीं टेके थे। सितारों से सजी भारतीय बल्लेबाजी किसी भी समय चुनौती पेश करती हुई नजर नहीं आई। विकेट से तीसरे और चौथे दिन भी गेंदबाजों से मदद मिल रही थी लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी खराब तकनीक से विकेट गंवाए।




यह टीम अपने पूर्ववर्ती बल्लेबाजों से तेज गेंदबाजों को बेहतर तरीके से खेलती है और इसी वजह से उसे आस्ट्रेलिया में जीत भी मिली लेकिन जब चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सीम और स्विंग का सामना करने की बात आती है तो उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारतीयों में केवल मयंक अग्रवाल ही कुछ अच्छा प्रदर्शन कर पाए। भारत ने सुबह चार रन के अंदर अजिंक्य रहाणे (29) और हनुमा विहारी (15) के विकेट गंवा दिये। इन दोनों को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के लिये जाना जाता है लेकिन बेहतरीन सीम गेंदबाजी के सामने उनकी एक नहीं चली।

बोल्ट ने रहाणे को ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को खेलने के लिये मजबूर किया जो बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बीजे वाटलिंग के दस्तानों में पहुंची। इसके बाद साउदी ने खूबसूरत आउटस्विंगर पर विहारी का विकेट थर्राया। चौथे दिन 20 मिनट के अंदर स्विंग के सुल्तानों ने भारत के दोनों भरोसेमंद बल्लेबाजों को पविलियन भेजकर न्यूजीलैंड की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी थी। ऋषभ पंत (41 गेंदों पर 25) ने कुछ योगदान दिया जिससे भारत पारी की हार बचाने में सफल रहा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई मदद नहीं मिली।

इशांत शर्मा ने 12 रन बनाए। पंत ने साउदी की गेंद पर स्लॉग स्वीप शाट से डीप मिडविकेट पर कैच दिया जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। साउदी का यह पारी का पांचवां विकेट था। उन्होंने दसवीं बार यह कारनामा किया। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अब 120 अंक हो गये हैं। भारत अब भी 360 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

## लोग एक हार पर तिल का ताड़ बनाते हैं तो कुछ नहीं कर सकताः कोहली

**वेलिंगटन।** भारतीय कप्तान विराट कोहली को यह स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं है कि न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में उन्हें हर विभाग में मात दी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर कुछ लोग दस विकेट से हार पर तिल का ताड़ बनाना चाहते हैं तो वह इसमें कुछ नहीं कर सकते।


मेजबान न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व पर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में सोमवार को भारत को दस विकेट से करारी शिकस्त देकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में यह पहली हार है जो उसे बल्लेबाजों की नाकामी के कारण मिली। कोहली ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम जानते हैं कि हमने अच्छा खेल नहीं दिखाया लेकिन अगर लोग इसका तिल का ताड़ बनाना चाहते हैं तो हम कुछ नहीं कर सकते क्योंकि हम ऐसा नहीं सोचते।




कोहली ने कहा कि उन्हें यह समझ में नहीं आता कि एक टेस्ट मैच में हार को इस तरह से क्यों देखा जाना चाहिए मानो उनकी टीम के लिये दुनिया ही समाप्त हो गयी। उन्होंने कहा, कुछ लोगों के लिये यह दुनिया का अंत हो सकता है लेकिन ऐसा नहीं है। हमारे लिए यह क्रिकेट का एक मैच था जिसमें हम हार गए। हम इससे आगे बढ़ते हैं और सिर ऊंचा रखते हैं।

कोहली ने कहा, हम समझते हैं कि स्वदेश में भी हमें जीत के लिये अच्छा खेलना होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आसान कुछ नहीं होता है क्योंकि टीम आएंगी और आपको हराएंगी। आप इसे स्वीकार करते हो और इससे एक टीम के तौर पर हमारे चरित्र का पता चलता है।

## सिल्वर के साथ जितेंदर ने ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए भारतीय टीम में स्थान पक्का किया



**नई दिल्ली।** जितेंदर कुमार ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने के साथ ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए भारतीय टीम में स्थान पक्का किया जिससे अनुभवी सुशील कुमार के लिए तोक्यो खेलों का द्वार बंद हो सकता है। दो बार के ओलिंपिक मेडल विजेता सुशील ने चोट का हवाला देते हुए इस चैंपियनशिप में भाग नहीं लिया।

पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा के दूसरे दिन भारत के खाते में कोई गोल्ड मेडल नहीं जुड़ सका, क्योंकि दीपक पूनिया (86 किग्रा) और राहुल अवारे (61 किग्रा) ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए।

कजाखस्तान के गत चैंपियन दानियार कैसानोव के खिलाफ जितेंदर ने शानदार रक्षात्मक रणनीति अपनाई लेकिन आक्रमण की कमी दिखाई दी जिससे वह गत चैंपियन से 1-3 से हार गए। हालांकि उनका प्रदर्शन राष्ट्रीय महासंघ को भरोसा दिलाने के लिए काफी था कि उन्हें ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए किर्गिस्तान के बिशकेक जाना चाहिए और इस वर्ग के लिए दोबारा ट्रायल की जरूरत नहीं पड़ी।

## ग्रैंडमास्टर गुकेश ने जीता कान्स ओपन शतरंज टूनार्मेंट

**नई दिल्ली।** भारत के 13 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शनिवार को फ्रांस के कान्स में अंतिम दौर में मेजबान देश के हरुत्युन बार्गसेघयान को हराकर 7.5 अंक के साथ 34वें कान्स ओपन शतरंज टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया। पिछले साल दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने गुकेश ने फ्रांस के प्रतिद्वंद्वी को 50 चाल में हराया। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने पिछले



हफ्ते डेनमार्क के हिलरोड में 110वें एनिवर्सिरी ओपन टूनार्मेंट के रूप में अपना पहला ओपन खिताब जीता था। गुकेश प्रतियोगिता के दौरान अजेय रहे। उन्होंने बार्गसेघयान के अलावा चीन के चोंगशेंग झेंग को भी हराया। भारत के शिवा महादेवन छह अंक के साथ 10वें स्थान पर रहे।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ...जब फूट-फूटकर रोईं आलिया

**फिल्ममेकर** महेश भट्ट फिल्म 'सड़क 2' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कई सालों बाद कदम रख रहे हैं। इस फिल्म में उनकी बेटी आलिया भट्ट और पूजा भट्ट मुख्य भूमिकाओं में हैं। लेकिन इस फिल्म के शूट के दौरान कुछ ऐसी घटना घटी कि महेश भट्ट फूट-फूटकर रोने लगे और उन्हें देख आलिया भी रो पड़ीं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आलिया ने बताया कि सेट पर एक इमोशनल सीन के दौरान उन्होंने देखा कि उनके पापा उनकी परफॉर्मेंस को देखकर रो रहे हैं, तो वह भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाईं और रोने लगीं। आलिया ने आगे कहा कि इमोशनल सीन करते वक्त उनका रोने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन वह रोने लगीं। इसी बीच जब उन्होंने देखा कि उनके पापा भी रो रहे हैं, तो वह और जोर-जोर से रोने लगीं। आलिया ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि फिल्म को क्या रिस्पॉन्स मिलेगा, लेकिन वह इस बात से खुश हैं कि इसमें उन्हें अपने पापा के साथ काम करने और कनेक्ट हो पाने का मौका मिला। बता दें कि 'सड़क 2' 1991 में आई इसी नाम की फिल्म का सीक्वल है। ऑरिजनल फिल्म में संजय दत्त और पूजा भट्ट लीड रोल में थे। वहीं सीक्वल में आलिया पूजा और संजय की बेटी के रोल में दिखाई देंगी। 'सड़क 2' की कहानी पिता और बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द होगी। यह 10 जुलाई 2020 को रिलीज होगी।







## सेट पर पति-पत्नी की तरह बिहेव नहीं करते दीपिका-रणवीर

**दीपिका** पादुकोण और रणवीर सिंह जल्दी ही अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाएंगे। लेकिन दोनों को देखकर यूं लगता है जैसे उनकी कल ही शादी हुई है। दोनों के बीच का प्यार देखते ही बनता है लेकिन दीपिका की मानें तो वह दोनों ही अपने रिश्ते को कभी भी काम पर हावी नहीं होने देते। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान दीपिका ने यह बात शेयर की। दीपिका ने बताया कि जब भी वह और रणवीर किसी प्रॉजेक्ट में एक साथ काम करते हैं तो इस बात का ख्याल रखते हैं कि वह अपनी पर्सनल लाइफ को मिक्सअप न करें। यही वजह है कि उन्होंने कभी भी सेट पर पति-पत्नी या फिर गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की तरह बिहेव नहीं किया। अपनी आने वाली फिल्म '83' के बारे में उन्होंने कहा कि इस फिल्म में भी वह रणवीर की वाइफ का किरदार निभा रही हैं।





## सलमान की 'वॉन्टेड' के सीक्वल से बोनी बाहर?



**प्रभुदेवा** की फिल्म 'वॉन्टेड' को लेकर एक ऐसी खबर आ रही है, जो फैन्स की उत्सुकता को बढ़ाएगी ही, साथ ही उन्हें चौंकाएगी भी। दरअसल सलमान खान और प्रभुदेवा जल्द ही 'वॉन्टेड' का सीक्वल शुरू करने जा रहे हैं। जहां प्रीक्वल को बोनी कपूर ने प्रड्यूस किया था, वहीं सूत्रों के अनुसार, इसके सीक्वल में बोनी कपूर नहीं होंगे। खबर के अनुसार, कहा जा रहा है कि सलमान पर्सनल वजहों से बोनी कपूर के साथ 'वॉन्टेड' का सीक्वल नहीं करना चाहते। सूत्रों के अनुसार, कभी सलमान की भाभी रहीं ऐक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा खान बोनी कपूर के बेटे अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। इसी वजह से सलमान बोनी के साथ फिल्म में काम करने से बच रहे हैं। सलमान 'वॉन्टेड' का सीक्वल करना चाहते हैं और इसीलिए उन्होंने 'वॉन्टेड' फ्रैंजाइची खरीद ली है। इसे अब वह प्रभुदेवा के साथ ही मिलकर बनाएंगे और प्रड्यूस भी करेंगे। वहीं बोनी कपूर से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, बोनी ऐसे शख्स हैं ही नहीं जो दिल में किसी तरह का द्वेष नहीं रखते।